## आज 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के कनिष्ठ अभियंता राकेश भिंडा और फीडर इंचार्ज लक्ष्मीकांत कुमावत ने बताया कि शनिवार को सुबह 7 से दोपहर 11 तक 33/11 केवी जीएसएस तीजावाला जोहड़ा व एफसीआई गोदाम, डेरारामसागर, खेड़ी, निमड़ावाली, होल्याकाबास, मऊ , बागरियावास, बस्सी, कंचनपुर, जोरावरनगर, तिवाड़ी की ढाणी से निकलने वाले फीडर हॉस्पिटल रोड़, चोपड़बाजार, अनाज मंडी, जीणमाता, गणेश मंदिर, कचियागढ, कोर्ट फीडर, खेड़ी, जाजोद, ढाल्यावास, जानकीपुरा, रानिपुरा, कांसरड़ा, विजयपुरा गोपिनाथजी वाला, खेड़ी, जाजोद, जानकीपुरा, ढाल्यावास, शिवपुरा, बस्सी, जयरामपुरा, कल्याणपुरा व इनके आसपास का एरिया सीकर बाजार, चोपड़ बाजार, रींगस बाजार, खण्डेला बाजार, सुराणी बाजार, अनाज मंडी नवोड़ी कॉलोनी, सुखसागर कॉलोनी, महावीर दल, मीणों का मोहल्ला बाईपास रोड़, एम जी कॉलेज, डेरारामसागर, रेल्वे स्टेशन, श्याम कॉलोनी, जीणमाता, सुराणी बाजार, कचियागढ गढ, पुष्पनगर, हरिजन मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, मंगल कॉलोनी, सब्जी मंडी, सुतलियो की ढाणी, गणेश कॉलोनी, क्षेत्र की विधुत सप्लाई सुबह दो घंटे तक जीएसएस मेंटेनेंस व रखरखाव के कारण चार घंटे बंद रहेगी।

# प्रियंका गांधी की जनसभा से लौटते समय बोलेरो पलटी, पांच कार्यकर्ता घायल

**लालसोट,** (निसं)। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की जनसभा से वापस लौट रहे कार्यकर्ताओं से भरी बोलेरो कार पलट जाने से उसमें सवार पांच कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी की सभा खत्म होने के बाद मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक बोलेरो कार से कांग्रेस कार्यकर्ता लालसोट के लिए वापस लौट रहे थे इस दौरान बोलेरो कार का टायर फटने के कारण यह

■ **चिकित्सा मंत्री ने जिला अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी**

हादसा घटित हुआ। बोलेरो कार का टायर फटने के साथ ही बोलेरो कार और नियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। हादस में गनीमत रही कि उसमें सवार सभी सातों कांग्रेस कार्यकर्ता मामूली चोट लगने के साथ ही बच गए। इस सड़क दुर्घटना में पांच कांग्रेस कार्यकर्ता जो की बोलेरो कार में सवार थे गंभीर घायल हुए थे जिनको



**कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भरी बोलेरो कार मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पलट गई।**

लालसोट जिला अस्पताल उपचार के लिए साथ ही अन्य गाड़ियों में सवार होकर आ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लाकर भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी मिलते ही चिकित्सा मंत्री प्रसाद लाल मीणा तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे एवं सड़क दुर्घटना में घायल कांग्रेस कार्यकर्ता शंभू बलेसरा एवं सुरज्ञान दोई सहित सभी भर्ती घायल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कुशलक्षेम पूछ चिकित्सकों को समुचित उपचार करने के निर्देश दिए गए।

## बैंड वादन में मॉडल स्कूल निवाई प्रथम

**निवाई,** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वावधान में राज्य स्तर पर बैंड वादन प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल खेरवाड़ा जिला उदयपुर में आयोजित हुई। जिसमें स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर निवाई नगरी एवं जिले का गौरव बढ़ाया है।

प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि संपूर्ण राजस्थान में क्लस्टर लेवल पर प्रथम आने वाली 26 टीमों ने भाग लिया था जिसमें मॉडल स्कूल निवाई ने बैंड वादन की शानदार प्रस्तुति देकर राज्य स्तर पर विजेता बनी यह टीम अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने बताया कि पिछले 5 वर्षों से मॉडल स्कूल निवाई की टीम कलस्टर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करती रही है वर्ष 2018 में यह टीम राज्य स्तर पर उपविजेता रह चुकी है। ग्रामीण ओलंपिक खेल के उद्घाटन में मुख्यमंत्री ने मार्च पास्ट के दौरान बैंड वादन की प्रशंसा की थी। विद्यालय पहुंचने पर टीम के कप्तान मयंक जांगिड़ सहित 25 छात्रों एवं बैंड टीम कोच कालूराम मीणा एवं जिशान अहमद का विद्यालय परिवार द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### कॉलेज में गरबा कार्यक्रम आयोजित



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। श्री राधास्वामी शिक्षण संस्थान खेजरौली महाविद्यालय प्रांगण में दुर्गा महोत्सव के साथ डांडिया व गरबा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक महिपाल देवंदा ने बताया कि सर्वप्रथम महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य मनोज चौहान, स्कूल प्राचार्य डॉ अनिल शर्मा द्वारा माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, माता की जोत लेकर पंडित राकेश चुलेट के सानिध्य में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूजा प्रजापत, टीना, विद्यांशी, कुसुम, हर्षिता, सीमा खुरशीदा ग्रुप के द्वारा माता की महाआरती की गई। प्रकाश कुमावत व ज्योति शर्मा के सानिध्य में हर्षिता, पूजा द्वारा गणेश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। व्याख्याता रीनू कुमारी व ज्योति के सानिध्य में पूजा एंड ग्रुप ने ढोलिडा डोल रे वगाड..., हिमांशु, नेहा ग्रुप ने गरबा नृत्य, स्टाफ सदस्यों ने नगाड़ा संग ढोल बाजे तथा आयुष ने माँ शेरावाली ए तेरा शेर आ गया पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। चौगाडा तारा पर लडकों ने शमां बांध दिया। डांडिया महोत्सव में कॉलेज व स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गुजराती वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रहा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**दूदू,** (निसं)। विधानसभा चुनावों को लेकर दूदू विधानसभा क्षेत्र से घोषित भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा के कार्यालय में शुकवार को चुनावी रणनिति के लिए जयपुर जिला पश्चिम के प्रभारी जम्मू कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ बूथ स्तर पर गठित कमेटियों को सक्रिय करने की बात कही। सिंह ने चुनावों के दौरान आचार संहिता का पालन करते हुए घर-घर जाकर पार्टी को विधानसभा में भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व उप जिला प्रमुख पदमचन्द्र जैन, पूर्व उपप्रधान प्रकाश जैन, वर्तमान उपप्रधान कैलाश जाट, दिलीप कुमावत, नगर परिषद उपाध्यक्ष अमित जोशी, पूर्व प्रधान रामेश्वर कडवा, जिला परिषद सदस्य मनोहर बैरवा मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, महामंत्री अवधेश शर्मा, सतपाल खारोल, तरूण कुमावत पुरूषोत्तम स्वामी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 60 दुकानदारों को नोटिस जारी

**खैरथल,** (निसं)। खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले 60 दुकानदारों को चिन्हित कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश साहरण ने नोटिस जारी किए हैं। नोटिस की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा है। न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल तिजारा ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि त्योहारों को मध्य नजर रखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों 60 दुकानदारों को चिन्हित कर धारा 26 की उपधारा एफएसएसए एक्ट 2006 के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

**राजगढ़,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त आयोजित करने को लेकर शुक्रवार को राजगढ़ कस्बे में प्रशासन एवं पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च किया गया। उपखंड मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश मीणा एवं उपाध्यक्ष उदय सिंह मीणा, तहसीलदार जुगिता मीना व पुलिस के अन्य अधिकारियों एवं सीआरपीएफ की टुकड़ी ने अनेक ग्रामों में फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया। फ्लैग मार्च को लेकर गांव के लोगों में उत्सुकता का आलम रहा। मेला का चौराहा से प्रारंभ होकर फ्लैग मार्च कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए गणेशपोल पहुंचा। विधानसभा क्षेत्र के माचाड़ी, पिनान, गढ़ी सवाई राम, बिलेटा,छिलोड़ी, एवं बारा भडकोल सहित अनेक ग्रामों में फ्लैग मार्च किया गया।

### जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित आईटीआई रोड़ पर माँ भगवती का जागरण बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जहां रविन्द्र लखेरा व सोनू जांगिड़ आदि गायक कलाकारों ने देर रात्रि तक माँ भगवती का गुणगान किया। जागरण समारोह में नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, भाजपा प्रत्याशी हँसराज पटेल, जनसेवक मुकेश गोयल आदि अतिथियों ने शिरकत की। जिनका आयोजकों की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर रमेश पायला, पार्षद नाहरसिंह पायला, पार्षद हीरालाल पायला, रमाकांत शर्मा, धर्मपाल गुर्जर व मामचंद गुर्जर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू व वार्डवासी मौजूद थे।

### जागरूकता मैराथन दौड़ आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव को लेकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किये जाने हेतु स्वीप गतिविधियों के तहत कोटपूतली में ब्लॉक स्तर पर शुक्रवार को मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। मैराथन दौड़ आरटीओ कार्यालय से पूरानी नगर पालिका तिराहा होते हुए बानसूर रोड़, राजमार्ग होकर राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय पहुंचकर सम्पन्न हुई। दौड़ को एसडीएम मुकुट सिंह, बीडीओ राजकुमार बायलां, तहसीलदार सौरभ गुर्जर, सीबीईओ भागीरथ मीणा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दौड़ के विजेताओं को मैडल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# इस बार रावण का 45 फीट का पुतला जलेगा

**पावटा,** (निसं)। दशहरा धूमधाम से मनाने के लिए मंगलवार को तैयारी जोरों पर रही। कारीगर रावण के 45 फीट के पुतले को अंतिम रूप देने में जुट रहे। रावण का पुतला लगभग तैयार हो गया है।

आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वावधान में दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी में कमेटी के पदाधिकारी जुटे हैं। आदर्श रामलीला मंडल पावटा के स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन चल रहा है। 24 अक्टूबर को दशहरे का पर्व है। दशहरे के मौके पर रावण दहन की परंपरा है। दस दिन से रावण के पुतले को अंतिम रूप देने में स्थानीय कारीगर जुटे हुए हैं। पुतले को अंतिम रूप देने में जुटे मुख्य कारीगर अमन शर्मा, प्रदीप कुमार टांक, अमित बटवाल, राघव टीलावत ने बातचीत में बताया कि इस बार 45 फीट के रावण का पुतला तैयार



**कारीगर रावण के 45 फीट के पुतले को अंतिम रूप देने में जुटे।**

किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुतले को विशालकाय रूप देने के लिए पूरी टीम दस दिन से दिन रात कार्य कर रही है। रावण के विशालकाय पुतले की तैयारी अंतिम चरण में है। सोमवार की रात तक पुतला तैयार कर मंगलवार की दोपहर तक दशहरा मैदान गोपाल भैया मंदिर के सामने नदी में स्थापित करा दिया जाएगा। सूर्यास्त के समय 24 अक्टूबर मंगलवार को रावण के पुतले का आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा दहन किया जाएगा।

## दोस्त पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। दोस्त को धोखे से बुलाकर जान से मारने की नियत से गले पर चाकू से हमला करने वाले एक आरोपी को प्रागपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित युवक को जान से मारने की नियत से हमला कर गर्दन पर चाकू से कई वार कर उसे लहूलुहान कर दिया था। घायल का जयपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोटपुतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि प्रागपुरा क्षेत्र में राकेश कुमावत निवासी बनेठी के साथ हत्या के प्रयास की घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली दिनेश यादव व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर आसूचना संकलन कर, तकनीकी साक्ष्यों एवं अपनी सूझबूझ से अलग अलग जगहों पर दबिश देकर घटना में वांछित मुल्जिम महेश गुप्ता पुत्र राजेंद्र गुप्ता निवासी बनेठी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुल्जिम से अनुसंधान जारी है।

## प्रियंका की जनसभा में पायलट जिंदाबाद के लगते रहे नारे

**दौसा,** (निसं)। ई.आर.सी.पी. को लेकर सिकराय विधानसभा क्षेत्र में आयोजित हुई प्रियंका गांधी वाड्रा की जनसभा में प्रियंका गांधी एवं मुख्यमंत्री गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा व खुद पायलट के संबोधन के दौरान लगातार पायलट जिंदाबाद के नारे लगते रहे।

वहीं जनसभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सिकराय विधायक एवं मौजूद महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश एवं दौसा विधायक कृषि राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रियंका गांधी की मौजूदगी में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने एक ही स्वर में मंत्री ममता भूपेश गो बैक एवं मंत्री मुरारी लाल गो बैक के नारे लगाए। प्रियंका गांधी की जनसभा के दौरान जनसभा में मौजूद सिकराय विधानसभा क्षेत्र एवं दौसा विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री ममता एवं मंत्री मुरारी के विपक्ष में नारेबाजी करते हुए प्रियंका गांधी के समक्ष विरोध दर्ज कराया गया। जनसभा के दौरान पीछे से युवकों की आवाज

■ **वहीं मंत्री ममता एवं मंत्री मुरारी के खिलाफ हुई नारेबाजी**

आती रही कि सिकराय विधानसभा क्षेत्र से ममता भूपेश को टिकट नहीं दिया जाए एवं दौसा विधानसभा क्षेत्र से मंत्री मुरारी लाल मीणा को बाहरी प्रत्याशी बताते हुए विरोध दर्ज कराया गया। विधानसभा चुनाव को महज 35 दिन का समय बाकी है और मुख्यमंत्री गहलोत की राजनीति के हिसाब से सिकराय से मंत्री ममता एवं दोष से मंत्री मुरारी लाल मीणा को टिकट मिलना है। ऐसे में दोनों मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र में हो रही इस तरह विरोध प्रदर्शन की घटनाएं आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों मंत्रियों के लिए काफी मुसीबत खड़ा कर सकती है। हाल ही पिछले हफ्ते मंत्री ममता भूपेश के सिकराय विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा उनको काले झंडे भी दिखाए गए थे।

## 'भ्रष्टाचार एक अभिशाप' पर संगोष्ठी

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना पी.जी. कॉलेज में शुक्रवार को 'भ्रष्टाचार एक अभिशाप' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कोटपूतली के उप प्रबंधक सत्यप्रकाश मीणा ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त समाज से ही सामाजिक समरसता व राष्ट्र निर्माण किया जा सकता है। मीणा ने कहा कि एक सभ्य व्यक्ति व निर्माण स्थापना भ्रष्टाचार खात्मे के बिना नहीं किया जा सकता। संस्था के प्राचार्य डॉ. एच.एन. धोलीवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये बिना व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का विकास नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार व लोगों की उदासीनता के कारण आज समाज में चारों ओर आर्थिक व सामाजिक विषमता देखने को मिल रही है। विशिष्ठ अतिथि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्टॉफ जग परवेश मीणा ने भी विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व "भ्रष्टाचार एक अभिशाप" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में छात्रा अदिति तिवारी ने प्रथम, अर्चना कुमारी ने द्वितीय व अनिता सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को अतिथियों द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। संचालन सहायक प्रोफेसर ताराचंद सैनी ने किया।

इस दौरान सहायक प्रोफेसर आर.पी. धोलीवाल, नीरु सैनी, सुरेश कुमार रिवालिया, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, नीरज, राधेश्याम, संतोष सैनी, पूजा, पुनीत नागर, भारत सैनी, मंथलेश, हेमलता, रेखा यादव, मनीष मीणा, शालु शर्मा, बबीता मित्तल, चंचल, केदारनाथ, हेमन्त व मन्नु शर्मा सहित सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद थे।

## आचार संहिता की पालना को लेकर प्रशासन सतर्क

**फुलेरा,** (निसं)। आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर लगी आदर्श आचार संहिता की पालना में स्थानीय पुलिस प्रशासन की सख़्ती बढ़ गई है। थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता की पालना करवाने के लिए पुलिस की टीम अलग-अलग समय और अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की सख़्ती से जांच करते हुए पूछताछ कर रही है। ताकि चुनाव के लिए कोई बड़ी रकम या अन्य सामग्री का परिवहन ना कर सके। साथ ही आगे बताया कि इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों में अवांछनीय वस्तुएं पाई जाने पर उन पर चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में आगे बताया कि शुक्रवार को वाहनों की जांच करने वाली टीम में एएसआई कैलाश चन्द शर्मा, रतन लाल, रामचन्द्र, राजेन्द्र, सुरेश चौधरी शामिल रहे।

## 36 जोड़ों का सगाई समारोह सम्पन्न

**शाहपुरा,** (निसं)। मानव जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में कांदेला कृषि फार्म द्वितीय राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा डाबड़ी में 11 वां मानव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन रस्म पीठाधीश्वर सांगलिया धूणी सीकर के ओमदास महाराज के सानिध्य व संस्थान मुख्य सलाहकार डॉ. रणजीत मेहरानीया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मानव समाज के इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में सर्व समाज के 36 जोड़ों का पंजियन हुआ।

संस्थान के सदस्यों का कहना है कि अभी दो - चार दिनों में पंजियन संख्या बढ़कर करीब चार दर्जन होने की सम्भावना है। मानव जन जागृति संस्थान समिति अध्यक्ष रघुनाथ पाटोदिया ने बताया कि सगाई रस्म के दौरान वर पक्ष में दुल्हे के पिता को साफा पहनाकर व वधु कि माता को चुनरी देकर दोनों पक्षों को एक साथ मेलजोल करवाते हुए आगामी 29 अक्टूम्बर 2023 को प्रातःकाल 08 बजे तक ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की बात कही गई। तत्पश्चात सगाई समारोह में वर वधु दोनों को मंच के माध्यम से सामने बुलाकर अंगूठी रस्म अदा कि गई तथा लग्न - टीका कार्यक्रम आयोजन करते हुए नव दाम्पत्य जीवन में बंधने जा रहे वर वधु को ड्रेस वितरण कि गई।

कार्यक्रम समापन के पूर्व सामूहिक रुप से सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर आयोजित समारोह में चार चांद लगा दिए, जिसकी चहूं ओर प्रशंसा हुई। इस दौरान समिति अध्यक्ष सौदागर कांदेला, मेहता एजुकेशनल ग्रुप निदेशक राधेश्याम मेहता, भामाशाह जी.सी. लाखीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, रामावतार वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, मुकेश स्वामी, राजेन्द्र चौहान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शिव महापुराण व श्याम कीर्तन जारी

**कोटपूतली,** (निसं)। श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट के तत्वावधान में 37 वां श्री शिव महापुराण कथा एवं श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन निरन्तर जारी है। चतुर्थ दिवस शुक्रवार को शिव महापुराण कथा में कथाव्यास महंत राधेश्याम व्यास ने सद्गुरु का जीवन में महत्व, गृहस्थ में ग्रह मंदिर स्थापना, नित्यक्रम पूजा पद्धति का पालन समेत अनेक प्रसंगों का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम भगवान ने अपने आप को सदाशिव के रूप से काशी नगरी में प्राकृटय किया था, जो आज काशी विश्वनाथ के नाम से जाना जाता है। जब भी हमें काशी जाने का अवसर मिले सर्वप्रथम गंगा नदी में स्नान करें उसके बाद काल भैरव के दर्शन करें, जिसके बाद भगवान काशी विश्वनाथ के दर्शन करें। माता अन्नपूर्णा व महालक्ष्मी के दर्शन करें वहां साक्षात भगवान शंकर भक्तों को भक्ति रस देने के लिए सदैव खड़े रहते हैं। सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी और भगवान विष्णु जी को भी भगवान शिव ने ही प्राकट्य किया था।

# सेना के जवान की बीमारी से मौत, बेटी ने दी मुखाग्नि



**बी.एस.एफ. की बटालियन ने सशस्त्र सलामी देकर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया।**

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लामिया के बी.एस.एफ. जवान की लम्बी बीमारी के चलते मौत हो गई। शवयात्रा खाटूश्यामजी उपजिला अस्पताल से बाइक तिरंगा रैली निकालकर जवान को सम्मान दिया गया।

इस दौरान बी.एस.एफ. की बटालियन के जवानों ने सशस्त्र सलामी देकर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवान को उसकी पुत्री तनिष्का ने मुखाग्नि दी तो उपस्थिति लोगों की आंखें नम हो गयी। इससे पहले तहसीलदार अमीलाल, पूर्व जिला प्रमुख रीटा सिंह, कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामदेव सिंह खोखर, पूर्व प्रधान भंवर लाल वर्मा, कजोड़मल रैगर, लामिया सरपंच लक्ष्मी नारायण कुमावत, मगनपुरा सरपंच सुरेश कुमार वर्मा, गिलों की ढाणी सरपंच पवन कुमार वर्मा, गणेश राम बिजारणिया, महिपाल सिंह काजला, विकास अधिकारी पारस कुमावत, पटवारी सोहन लाल यादव, प्रधानाचार्य बलबीर सिंह सामोता, बनवारी लाल पंचायत समिति सदस्य, सुखबीर सिंह सहित अनेक लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि महेंद्र कुमार वर्मा पुत्र कानाराम वर्मा बीएसएफ की 140 बटालियन में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात था और जून में बीमार होने पर कूपवाडा से छुट्टी लेकर जयपुर निजी अस्पताल में दिखाकर घर पर इलाज ले रहा था श्वास लेने में तकलीफ होने पर उपजिला अस्पताल में भर्ती करवा गया जहां उसने अंतिम सांस ली।

## प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सम्मानित

**निवाई,** (निसं)। राहोली के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी शिक्षाविद डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका को जयपुर के एक होटल में आयोजित प्रिन्सिपल कनेक्ट कार्यक्रम में शैक्षिणक नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. नरूका को यह सम्मान फ्लाई ग्रेजुएट के फाउंडर व निदेशक एम नितिन रेड्डी ने प्रदान किया। डॉ. नरूका ने बधिर समुदाय के कलाकारों की कला उन्नयन के लिए डेफ आर्ट मूवमेंट फाउंडेशन की शुरुआत की थी जिससे बधिर कलाकारों की कला को निखारने व उनके काम को पहचान दिलाने में सफलता मिली। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुरूप कई तरह के शैक्षिणक बदलाव व नवाचार किए। जिससे राहोली के सभी सरकारी विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षिणक परिणाम देखने को मिले। इस अवसर पर उपप्राचार्य मुकेश कुमार मीना, गौरीशंकर चौधरी, रामभजन मीनाएगिरिराज मीना, जयनारायण मीना, दिनेश कुमार बैरवा, गुलाब चन्द वर्मा, सुरज्ञानलाल जाट, रामरूप शर्मा, सजंय व्यास शंकर लाल बैरवा, राजूलाल बैरवा, रामधन यादव, मनोज पीपलीवाल, चन्दा लाटा,प्रेमचन्द बैरवा, ऋषिराज चौधरी, लक्ष्मण सिंह आदि ने अभिनन्दन किया।

# संभागीय आयुक्त व आई.जी. ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

**मालपुरा,** (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को अजमेर संभागीय आयुक्त सीआर मीणा व अजमेर रैंज पुलिस आईजी लता मनोज कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे।

संभागीय आयुक्त व आईजी ने मालपुरा विधानसभा भाग संख्या 94 के लावा सहित मालपुरा नगरपालिका शहरी क्षेत्र के सीनियर सेकेण्डरी स्कूल

■ **माकूल व्यवस्था व निष्पक्ष मतदान के निर्देश दिये**

में बने मतदान केन्द्र भाग संख्या 16० व 164 का बारीकी से निरक्षण किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान के दौरान निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान के लिए बूथ पर छाया, पानी पर्याप्त विधुत व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात करने




**संभागीय आयुक्त सी.आर. मीणा, पुलिस आई.जी. लता मनोज कुमार व एसपी राजर्षि राज वर्मा ने मालपुरा में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।**

तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प व ट्राई साईकिल आदि की व्यवस्थाऐं सुचारू रखने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त मीणा ने एसडीएम व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मनोज कुमार वर्मा, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी विष्णु बारेठ से मालपुरा विधानसभा के कुल मतदाता व मतदान केन्द्रों की संख्या के साथ-साथ अतिसंवेदनशील व संवेदनशील मतदान केन्द्रो की रिपोर्ट ली। साथ ही आईजी लता मनोज कुमार ने जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज वर्मा,एएसपी पुष्पेन्द्र सिंह, डीएसपी चक्रवर्ती सिंह राठोड व थानाधिकारी भागीरथ सिंह से निष्पक्ष व निर्विवाद मतदान के लिए पुलिस जाप्ते को लेकर एएसपी कार्यालय में बैठक ले निर्देश दिये।